आकाशवाणी देहरादून

क्षेत्रीय समाचार

भानिवार 08.03.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेना, राजनीति, खेल, विज्ञान, कृषि, शिक्षा, उद्योग समेत सभी क्षेत्रों में मातृशक्ति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।
- प्रदेशभर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की धूम, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित।
- और... सरकार ने टिहरी जिले के घनसाली विधानसभा क्षेत्र में आपदा पुनर्निर्माण कार्यों को जून माह से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश की नारी शक्ति को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां विकसित भारत के सपने को साकार करने में पूरा योगदान दे रही हैं।

राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी शक्ति से विकसित भारत पर एक दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश की बेटियां विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं की प्रगति में सहयोगी अवसर सृजित करने में समाज की भूमिका पर बल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि नारी का सम्मान ही समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी होती है।

**महिला उद्यमिता समिट**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की मातृशक्ति के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि आज भारत की मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सेना, राजनीति, खेल, विज्ञान, कृषि, शिक्षा, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में मातृशक्ति द्वारा सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गये कर्यों पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग 11 वर्षों में देशभर में 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन–धन बैंक खाते खोले गए। देश में लखपति दीदी योजना के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प पूरा करने के साथ ही 30 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन देकर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए देश की संसद ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का कानून पास किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

प्रदेशभर में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की धूम रही। इस अवसर पर राज्य में महिलाओं के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यख ऋतु खंडूरी भूषण ने देहरादून स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही महिलाओं की असली ताकत है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में महिला किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए "उत्तराखण्ड प्रगतिशील महिला किसान सम्मान 2025" से सम्मानित किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य के रजत जयंती वर्ष में नवंबर 2025 तक डेढ़ लाख "लखपति दीदी" बनाने का संकल्प लिया है।

देहरादून स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब में महिला दिवस पर संगोष्ठी और महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देहरादून कैंट विधानसभा से विधायक सविता कपूर, और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक मधु चौहान ने अलग–अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

## महिला दिवस

पौडी जिले में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास की और से आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में जिले के कल्जीखाल विकासखंड में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंची क्षेत्रीय प्रशासक बीना राणा ने कहा कि वे अपने विकासखंड में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बेहतरीन कार्य कर रही हैं जो सभी के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

वहीं, चम्पावत जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर लोहाघाट में आयोजित कार्यक्रम के संयोजक डॉ कमल गहतोड़ी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से दो दर्जन से अधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाली, समाजसेवी महिलाएं, शिक्षिकाएं, बालिकाओं को मंच प्रदान कर उनके विशिष्ट योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर के अवसर पर बागेश्वर में युवा होली समिति की ओर से महिला होली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महिला होली दलों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को सम्मानित भी किया गया।

## टिहरी आपदा

टिहरी जिले की घनसाली विधानसभा में आपदा पुनर्निर्माण कार्यों को लेकर क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह ने जून से पहले सभी योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में विधायक ने बूढ़ाकेदार, घुत्तू क्षेत्र में आपदा पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा है। इस दौरान जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि आपदा में हुई क्षति की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं ताकि उन योजनाओं के लिए धन स्वीकृत कर कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि यात्रा और मानसून सीजन से पूर्व पुननिर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।